**मुसीबत** | क्षतिग्रस्त रोड पर जताई नाराजगी, ग्रामीणों की मदद से निकाला वाहन

# सड़क के कीचड़ में फंसी सांसद की कार

**नवभारत, मंडला।** मध्य प्रदेश में बारिश होती है तो सड़कें सिर्फ खराब नहीं होतीं, कई जगहों पर सड़क और कीचड़ के बीच का फर्क ही मिट जाता है। जनता के लिए यह रोजमर्रा की परेशानी है। वह बाइक संभालती है, पैदल निकलती है, कभी धक्का लगाती है और कभी रास्ता बदल लेती है। शिकायत करती भी है तो अक्सर जवाब मिलता है सड़क जल्द ठीक होगी।

लेकिन इस बार कहानी थोड़ी अलग है। मंडला के चकदेही गांव में सड़क ने सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के काफिले को ही रोक दिया। सांसद गांव में करीब 60 लाख रुपये की लागत से बने सामुदायिक भवन के लोकार्पण और अस्पताल के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। कार्यक्रम विकास का था, लेकिन वहां पहुंचने का रास्ता विकास से काफी दूर नजर आया।



### सड़क दलदल में तब्दील

बारिश के बाद गांव की कच्ची सड़क दलदल में तब्दील हो चुकी थी। सांसद की कार आगे बढ़ी और कुछ दूर जाकर कीचड़ में फंस गई। गाड़ी निकालने के लिए काफी देर तक अधिकारियों ने मशक्कत की। इस दौरान काफिले में शामिल दूसरी गाड़ियां भी खड़ी रहीं। लेकिन सड़क ने जैसे तय कर लिया था कि आज लोकार्पण से पहले एक और कार्यक्रम होगा 'कार बचाओ अभियान। काफी कोशिश के बाद भी जब गाड़ी नहीं निकली तो गांव वालों ने मोर्चा संभाला।

### आखिर ट्रैक्टर आया काम

कार को कीचड़ से निकालने के लिए ग्रामीणों ने ट्रैक्टर बुलाया। कार में रस्सी बांधी गई और फिर ट्रैक्टर ने वह काम कर दिखाया, जो तमाम कोशिशें नहीं कर पाईं। काफी मशक्कत के बाद कार को कीचड़ से बाहर निकाला गया। सवाल यह है कि जिस सड़क पर सांसद का काफिला ही फंस जाए, वहां से रोज गुजरने वाले ग्रामीणों की हालत क्या होती होगी?

### सांसद ने मांगा सड़क निर्माण का प्रस्ताव

घटना के बाद सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने सड़क की स्थिति पर नाराजगी जताई और पंचायत से सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव मांगा। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में हर साल यही परेशानी होती है। सड़क की हालत खराब है और आवागमन मुश्किल हो जाता है। अब उम्मीद है कि इस बार सड़क की फाइल सिर्फ प्रस्ताव बनकर न रह जाए। क्योंकि सवाल केवल एक कार के कीचड़ में फंसने का नहीं है। सवाल उस सड़क का है, जिस पर गांव के लोग सालों से फंसते चले आ रहे हैं।

## नाले में बही कार, तीन युवकों की बची जान

**नवभारत, नैनपुर।** थाना क्षेत्र नैनपुर के ग्राम बंधा में पुल के ऊपर से तेज पानी बहने के बावजूद कार निकालने की होशियारी तीन युवकों को भारी पड़ गई। कार पुल पर बह गई, गनीमत रही कि गांव के एक युवक ने तीनों की जान बचा ली। जानकारी के अनुसार तीन युवक अंशु झारिया निवासी मंडला अपने दो साथियों के साथ मंडला से डिंडौरी होते हुए नैनपुर आ रहे थे। बंधा नाले में पुलिया निर्माणाधीन है और लोक निर्माण विभाग द्वारा खतरे का बोर्ड भी लगाया गया है। पुल के ऊपर से पानी जा रहा था, बावजूद इसके युवकों ने कार पानी में डाल दी। कार बीच पुल में पहुंचते ही बहने लगी। मौके पर मौजूद बंधा निवासी ओमप्रकाश मरकाम ने हिम्मत दिखाते हुए पहले दो युवकों को बाहर निकाला, फिर चालक जो कार सहित बहने वाला था, उसे भी बचा लिया। रात तक कार नाले में फंसी हुई थी। सूचना पर थाना नैनपुर पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और जानकारी ली। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय पर बचाव टीम और पुख्ता बैरिकेडिंग होती तो यह हादसा नहीं होता। बाढ़ के समस्या जनपद पंचायत नैनपुर की उदासीनता खुलेआम देखने को मिल रही है।

# एकीकृत स्कूल में नन्हे छात्र बने श्री कृष्ण

**भक्तिभाव के साथ मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव**





**नवभारत, मंडला।** एकीकृत शासकीय हाईस्कूल बिंझिया में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उमंग एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार पांडे के कुशल मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा 'हरे राम, हरे कृष्णा' का सामूहिक कीर्तन किया गया। भक्तिमय कीर्तन से विद्यालय परिसर का वातावरण आध्यात्मिक एवं कृष्णमय हो गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ कीर्तन में सहभागिता की।

### बच्चों का दिखा मनमोहक रुप

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नन्हे विद्यार्थियों द्वारा राधा-कृष्ण का मनमोहक रूप धारण करना रहा। राधा और कृष्ण के रूप में सजे बच्चों ने सुंदर वेशभूषा, मुकुट, बांसुरी एवं आकर्षक श्रृंगार के साथ अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों का यह स्वरूप सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा और विद्यालय परिसर में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर प्राचार्य मुकेश कुमार पांडे ने विद्यार्थियों को जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने अपने जीवन के माध्यम से हमें सत्य, धर्म, कर्तव्य, प्रेम, करुणा एवं कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर शिक्षा के साथ अच्छे संस्कारों को भी अपनाना चाहिए।

### छात्रों ने दी मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुतियां

हरे राम, हरे कृष्णा के भक्तिमय कीर्तन, श्रीकृष्ण के गीतों, मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों एवं राधा-कृष्ण के रूप में सजे नन्हे विद्यार्थियों ने पूरे विद्यालय परिसर को भक्तिभाव और उल्लास से भर दिया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं धार्मिक मूल्यों से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

# रेलवे फाटक के पास सड़क हुई गड्ढों से बदहाल

**नवभारत, नैनपुर।** सिवनी मंडला नैनपुर मुख्य मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक के पास मुख्य सड़क की हालत बेहद खस्ता हो चुकी है। इस व्यस्त मार्ग पर जगह-जगह इतने गहरे गड्ढे हो गए हैं कि वाहन चालकों का यहां से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं है। स्थानीय निवासियों और राहगीरों के अनुसार, इन गड्ढों की वजह से यहां कभी भी कोई बड़ी और दर्दनाक दुर्घटना हो सकती है।

सबसे खतरनाक स्थिति तब बनती है जब ट्रेन आने का समय होता है। रेलवे फाटक बंद होने की घोषणा या सायरन बजते ही लोगों में रेलवे क्रॉसिंग पार करने की होड़ मच जाती है। लोग फाटक बंद होने की जल्दी में अपने वाहनों को तेजी से भगाते हैं। पहले से ही खराब और गड्ढों से भरी सड़क पर इस तरह की जल्दबाजी और आपाधापी के कारण दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और गिरने का खतरा कई गुना बढ़ गया है। प्रशासनिक अनदेखी से बढ़ा जन आक्रोश मुख्य मार्ग होने के कारण इस सड़क पर दिनभर भारी ट्रैफिक रहता है।



### रात के अंधेरे में बढ़ा खतरा

रात के समय अंधेरे में ये गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे अनजान वाहन चालक सीधे इसका शिकार बनते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग और प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय प्रशासन को तुरंत इस सड़क की मरम्मत करानी चाहिए ताकि आम जनता सुरक्षित आवागमन कर सके।

## झपट्टा मारकर लूटा मोबाइल

**जबलपुर।** विजय नगर निवासी एक युवती पर झपट्टा मारकर लुटेरों ने मोबाइल लूट लिया और फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक साक्षी पटेल 31 वर्ष निवासी स्कीम नम्बर 14 विजयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 9-45 बजे खाना खाकर घर के बाहर टहलते हुये फोन पर बात कर रही थी उसी समय पीछे से स्कूटी जैसे दुपहिया वाहन से 2 व्यक्ति आये एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने झपट्टा मारते हुये उसके हाथ से आईफोन कम्पनी का मोबाइल कीमती लगभग 30 हजार रूपये का छुड़ाकर एसबीआई चौक तरफ भाग गये। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# पारिवारिक विवाद में चले धारदार हथियार, तीन लोग हुए घायल

**तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल**

**नवभारत, नैनपुर।** नैनपुर थाना अंतर्गत पारिवारिक विवाद में धारदार हथियारों से हमला करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। नैरपुर थाने में फरियादी द्वारा रिपोर्ट की गई कि वह वार्ड क्रमांक 10, खटीक मोहल्ला नैनपुर में रहता है।

उसके परिवार एवं आरोपीगण के बीच पारिवारिक खेती-बाड़ी एवं घर को लेकर पूर्व से विवाद चला आ रहा था। इसी विवाद के चलते रात्रि करीब 10 बजे आरोपी बंटी आमो द्वारा फरियादी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। इसी दौरान आरोपी अंजुल सैयाम एवं मोहित सैयाम भी मौके पर पहुंचे और फरियादी के साथ मारपीट करने लगे।



मारपीट के दौरान फरियादी को घर के सामने पड़ी रेत में पटक दिया गया। इसी दौरान धारदार वस्तु से हमला किए जाने से फरियादी के दाहिने हाथ की उंगली में चोट लगकर खून निकल आया। फरियादी के चिल्लाने पर उसके पिता सतीश आमो, बहन शीला काकोड़िया एवं माता राजकुमारी आमो उसे बचाने के लिए मौके पर पहुंचे।

इस दौरान आरोपी मोहित सैयाम द्वारा फरियादी के पिता सतीश आमो के दाहिने हाथ की कोहनी में ईंट मारकर चोट पहुंचाई गई। घटना में शीला काकोड़िया को भी चोट आई। आरोपियों द्वारा फरियादी एवं उसके परिवार को जान से खत्म करने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने आरोपी बंटी आमो, मोहित सैयाम, अंजुल सैयाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**एक नजर में**

## संपतिया उइके को जन्मदिन पर दी गई शुभकामनाएं

**नवभारत, मंडला।** मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री एवं मंडला की नारी शक्ति की पहचान संपतिया उइके के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम कतरवारा में नगर एवं ग्रामवासियों ने उपस्थित होकर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि ग्राम पंचायत से लेकर जिला और प्रदेश स्तर तक अपनी पहचान बनाने वाली संपतिया दीदी मंडला की शान और अभिमान हैं। सरल, सहज, मृदुभाषी एवं विनम्र व्यक्तित्व के साथ उन्होंने जनसेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। क्षेत्रवासियों ने उन्हें अपनी बड़ी बहन के समान स्नेह और मार्गदर्शन देने वाली जनप्रतिनिधि बताया।



## आवासीय पट्टा योजना से हितग्राहियों को मिला आवासीय अधिकार

**नवभारत, मंडला।** नगर परिषद भुआ-बिछिया द्वारा मुख्यमंत्री शहरी आवासीय पट्टा योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को आवासीय पट्टे वितरित किए गए। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी एवं उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत ने श्रीमती आरती सोनी सहित अन्य हितग्राहियों को पट्टा दस्तावेज प्रदान किए। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी ने कहा कि पट्टा मिलने से हितग्राहियों को अपने आवास पर अधिकार और सुरक्षा प्राप्त होगी। उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। कार्यक्रम में पार्षद शशिकांत श्रीवास्तव, सहायक राजस्व निरीक्षक नारायण सिंह परते, मनोज निगम सहित नगर परिषद के कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गुरुजनों के आशीर्वाद के साथ अब लैपटॉप बनेगा मयंक का 'डिजिटल गुरु'

**शिक्षक दिवस विशेष**



**नवभारत, मंडला।** शिक्षक दिवस पर मयंक कहते हैं कि जब गुरु सही राह दिखाएं और शासन प्रतिभा को संसाधनों का संबल दे, तो किसी भी विद्यार्थी के सपनों की उड़ान को पंख मिल सकते हैं। दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत और सही मार्गदर्शन जब एक साथ मिलते हैं, तो साधारण परिस्थितियों में पला-बढ़ा विद्यार्थी भी सफलता की नई कहानी लिख सकता है।

मंडला जिले के ग्राम बड़ी खैरी निवासी मयंक पटेल की कहानी इसी विश्वास को मजबूत करती है। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंडला से कक्षा 12वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले मयंक ने न केवल अपने माता-पिता का गौरव बढ़ाया, बल्कि यह भी साबित किया कि प्रतिभा को अवसर और उचित मार्गदर्शन मिले तो मंजिल दूर नहीं रहती।

**सपनों को मिली नई दिशा-** वर्तमान में मयंक बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर अपने सपनों को नई दिशा दे रहे हैं। इस सफर में जहां उनके गुरुजनों का मार्गदर्शन उन्हें लगातार आगे बढ़ा रहा है, वहीं अब मध्यप्रदेश शासन की प्रतिभाशाली छात्र प्रोत्साहन योजना के माध्यम से मिला लैपटॉप उनकी पढ़ाई का नया साथी बनने जा रहा है।

**गुरुजनों की सीख के साथ अब डिजिटल ज्ञान का साथ-** शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि वे विद्यार्थियों को सपने देखने, लक्ष्य तय करने और उन्हें हासिल करने का रास्ता भी दिखाते हैं। मयंक की सफलता में भी उसके माता-पिता के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ करियर मार्गदर्शन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों की रुचि और क्षमता को पहचानकर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने का प्रयास करते हैं।



## माहिष्मती घाट में आयुर्वेद चिकित्सा एवं परामर्श शिविर



**नवभारत, मंडला।** शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय मंडला द्वारा माहिष्मती घाट, मंडला में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित शिविर में रोगियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया। चिकित्सकों ने नागरिकों को वर्षा ऋतु में होने वाली मलेरिया, डायरिया, सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। साथ ही आयुर्वेदीय आहार-विहार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में आवश्यक परामर्श दिया गया।

## श्रीकृष्ण पर्व में दिखी भक्ति और कला की अद्भुत छटा

**मंडला।** ज्ञानदीप स्कूल, मंडला में आयोजित इस विशेष पर्व में नृत्य-नाटिका और भक्ति गायन की मनोहारी प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास और मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन मंडला के सहयोग से ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में 'श्रीकृष्ण पर्व' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनमोहक नृत्य-नाटिका और सुमधुर भक्ति गायन की प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।



## आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित

**बिछिया में जागरूकता सत्र हुआ आयोजित**

**नवभारत, मंडला।** मिशन पोषण गतिविधियों एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र मोहगांव, विकासखंड मवई, तहसील बिछिया में जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले ने वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली छह प्रकार की सहायता सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में भी जागरूक किया।

कार्यक्रम में पोषण पर जानकारी देते हुए स्थानीय पौष्टिक खाद्य पदार्थों, विभिन्न भाजियों, फलों, मोटे अनाज, अनाज एवं दालों के पोषण महत्व के बारे में बताया गया। एनीमिया से बचाव, स्तनपान को बढ़ावा देने, माहवारी स्वच्छता तथा नियमित रूप से स्वास्थ्य केंद्र जाकर हीमोग्लोबिन एवं एनीमिया की जांच कराने की सलाह दी गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए जननी सुरक्षा योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभ लेने की प्रक्रिया समझाई गई।

पैरालीगल वालेंटियर श्रीमती शिखा श्रीवास्तव ने नि:शुल्क विधिक सहायता योजना, हिट एंड रन योजना, पीड़ित प्रतिकर योजना, आशा योजना, लोक अदालत एवं जनोपयोगी लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली श्रीमती राजेश्वरी खैरवार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**बदहाली** | अधिकारियों की अनदेखी, बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ के आरोप

# सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय की व्यवस्था बदहाल

**नारायणगंज/मंडला।** शिक्षा के मंदिर में बच्चों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के दावों के बीच नारायणगंज स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय की व्यवस्थाएं गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। विद्यालय के सामने जेसीबी, ट्रैक्टर, पिकअप, ट्रॉली सहित लोहे का कबाड़ और अन्य सामान रखा नजर आ रहा है। बारिश के दौरान कीचड़ की स्थिति भी बनी रहती है। ऐसे माहौल में बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों और स्थानीय लोगों में चिंता है।

विद्यालय की बालकनी में बच्चों के लटकते नजर आने की स्थिति भी सामने आई है। यदि इस दौरान कोई दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, यह बड़ा सवाल है। विद्यालय परिसर और आसपास भारी वाहनों तथा मशीनों की मौजूदगी भी बच्चों के लिए संभावित खतरा बन सकती है।




### शिक्षकों की योग्यता भी जांच के घेरे में

विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार कुछ शिक्षकों की बीएड/डीएड जैसी आवश्यक शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण योग्यता को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में शिक्षा विभाग को विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता, नियुक्ति, प्रशिक्षण और पदस्थापना संबंधी अभिलेखों की जांच करनी चाहिए।

### क्या हादसे के बाद जागेगा शिक्षा विभाग?

स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय में बच्चों की नियमित पढ़ाई हो रही है तो उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। लोगों ने विद्यालय परिसर एवं आसपास से भारी वाहनों और लोहे के सामान को हटाने, सुरक्षित खेल मैदान उपलब्ध कराने तथा भवन एवं कक्षाओं की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कराने की मांग की है।

### खबरों और शिकायतों के बाद भी हालात जस के तस

विद्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व में भी समाचार प्रकाशित कर मामला प्रशासन के संज्ञान में लाया गया था। इसके बावजूद विद्यालय के सामने भारी मशीनों की मौजूदगी और अन्य अव्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आने से शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

## चाकूबाजी में दो घायल

**जबलपुर।** हनुमानताल एवं रांझी में हुई चाकूबाजी में दो लोग घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक संजीव केशरवानी 50 वर्ष निवासी प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहल्ले का समीर वंशकार आकर उससे खर्चे के लिये 500 रूपये मांगने लगा, रूपये देने से मना करने पर चाकू से हमलाकर उसे चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार रांझी थाने में रवि नाहर 19 वर्ष निवासी मानेगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई किसामुदायिक भवन के सामने खड़ा था तभी मोहल्ले का शनि राने एवं शनि का भाई पवन राने आये और उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगे, रूपये देने से मना करने पर दोनों मारपीट करने लगे, उसका साथी रोहित रैकवार व अभिषेक स्वामी बीच बचाव करने लगे तो शनि व पवन ने उसके दोस्तों के साथ भी हाथ मुक्कों से मारपीट की।

**एंजेन्ट नियुक्ति**

दैनिक अखबार नवभारत सुप्रसिद्ध समाचार एवं विज्ञापन हेतु मंडला जिले में ब्यूरो (प्रदीप तिवारी) के पश्चात निम्न तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार एवं विज्ञापन में दक्ष एंजेटों की नियुक्ति करनी है।

इच्छुक एंजेन्ट नव-भारत कार्यालय में निम्न मो. नं. पर एंजेन्ट की नियुक्ति हेतु सम्पर्क कर सकते हैं।

बीजाडांडी, निवास, मोहगांव, घुघरी, अंजनिया, बम्हनीबंजर, खटिया संपूर्ण कान्हा पार्क

सम्पर्क करें:- के. के. पाण्डेय (सरकुलेशन प्रभारी)

Mob - 9109700824